**Seventeenth Loksabha**

>

Title: Regarding curtailment in quota of kerosene under PDS in Chhattisgarh.

**श्री दीपक बैज (बस्तर) :** माननीय अध्यक्ष महोदय, केन्द्र सरकार ने इस वर्ष छत्तीसगढ़ के कोटे में से मिट्टी के तेल में 38 प्रतिशत की कटौती की है । छत्तीसगढ़ वनांचल एवं आदिवासी क्षेत्र होने की वजह से माननीय मुख्य मंत्री जी ने माननीय प्रधान मंत्री जी को पत्र लिखकर मिट्टी के तेल का कोटा बढ़ाने की मांग की थी, लेकिन वह उल्टे मिट्टी के तेल पर 38 प्रतिशत की कटौती करके राज्य सरकार के साथ भेदभाव कर रही है ।

माननीय अध्यक्ष महोदय, एक तरफ जहां राज्य सभा के सांसद 40,000 घरों में बिजली नहीं होने की बात करते हैं और दूसरी तरफ मिट्टी के तेल में कटौती करके सरकार के द्वारा दोहरी नीति अपनाई जा रही है, इसलिए मैं आपके माध्यम से केन्द्र सरकार से मांग करना चाहता हूं कि छत्तीसगढ़ सरकार के मिट्टी के तेल की कटौती केन्द्र सरकार न करे और उसे बराबर दे ।